## REPORTS OF THE DEPARTMENT-RELATED PARLIAMENTARY STANDING COMMITTEE ON SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT

**श्रीमती गीता उर्फ चंद्रप्रभा** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं विभाग संबंधित सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी संसदीय स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति (अंग्रेज़ी तथा हिन्दी में) सभा पटल पर रखती हूँ:-

(i) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग) की अनुदान मांगों (2021-22) के संबंध में बीसवां प्रतिवेदन;

(ii) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग) की अनुदान मांगों (2021-22) के संबंध में इक्कीसवां प्रतिवेदन; और

(iii) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की अनुदान मांगों (2021-22) के संबंध में बाईसवां प्रतिवेदन।

---

## MATTERS RAISED WITH PERMISSION

### Need for widening the Ghat road on NH-49 in Mayurbhanj district of Odisha

**श्रीमती ममता मोहंता** (ओडिशा): माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करती हूँ। ओडिशा के मयूरभंज जिले के सिंगरा से झारखंड के बहरागोड़ा होते हुए मुम्बई तक जाने वाले नेशनल हाईवे NH-49 पर 10 किलोमीटर की एक घाट रोड है। बांग्रीपोसी में इसको द्वारसुनी घाटी बोलते हैं। यह 10 किलोमीटर की घाट रोड बहुत संकीर्ण है और यहाँ रोज दुर्घटना होती है। इस पर बहुत सारी गाड़ियाँ चलती हैं और जनजीवन की हानि होती है। NH-49 के निर्माण का कार्य L&T कंपनी कर रही है। इस 10 किलोमीटर रोड को छोड़ कर ऊपर और नीचे के रास्ते पर 80 परसेंट काम हो गया है। यह 10 किलोमीटर घाट रोड forest area में आती है, इसलिए इसका टेंडर नहीं हुआ। इस घाट रोड को परिवेश मंजूरी देकर इस two-lane road को four-lane road किया जाए। बीच के 10 किलोमीटर को छोड़ कर ऊपर और नीचे इस हाईवे का निर्माण कार्य हो रहा है, जिसका टेंडर L&T ने लिया है।

इसलिए मैं आपसे विनती करती हूँ कि इस 10 किलोमीटर रोड को four-lane किया जाए और इसे परिवेश मंजूरी दी जाए, धन्यवाद।

SHRI SUBHASH CHANDRA SINGH (Odisha): Sir, I associate myself with the Zero Hour submission made by hon. Member.